



# FARIDABAD

## गांव सोतई विद्यार्थियों के लिए 'पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता' का किया आयोजन

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Wednesday,29 December , 2021)

Ballabgarh News, 29 December 2021 (bharatdartshannews.com) : दिनांक 29.12.2021 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के उन्नत भारत अभियान योजना के बैनर तले कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में गांव सोतई के राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 'पोस्टर और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया । जिनका विषय था - "बेटी बचाओ", "योग के लाभ" और "कचरे का प्रबंधन" । श्रीमती पूजा (उन्नत भारत अभियान की सदस्य) ,श्रीभागीरथ और श्री राकेश कुमार (स्कूल अध्यापक) ने प्रतियोगिता की समस्त गतिविधियों का संचालन किया । इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण के द्वारा अपने कौशल, अपने ज्ञान को बढ़ाने, उनकी प्रस्तुति और संचार कौशल में सुधार करने के लिए आयोजित की गई । आयोजन के परिणाम इस प्रकार रहे - पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा नौ के पृथ्वी ने प्रथम, दसवीं कक्षा की चेतना ने दूसरा,दसवीं कक्षा कीसोनिया ने तीसरा और आठवीं की गुड्डी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में कक्षा नौ के प्रशांत ने प्रथम, कक्षा नौ के अरुण ने दूसरा,कक्षा नौ की तनिशा ने तीसरा और दसवीं कक्षा की सोमया ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । प्रतियोगिता के विजेताओं का निर्णय रचनात्मक, मौलिकता, कलात्मक रचना के आधार पर किया गया । यह कार्यक्रम 32 छात्रों की सफल भागीदारी से संपन्न हुआ । इस अभियान के तहत सोतई गांव का सर्वेक्षण किया गया ।तदुपरांत गांव की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन पर कार्य करने का निर्णय लिया गया । सोतई गांव में महाविद्यालय की उन्नत भारत अभियान की सदस्य श्रीमती पूजा व विद्यार्थियों ने गांव के स्कूल के अध्यापकों और ग्रामीणों से सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में विचार सांझा किए और उन्हें इस पाठ्यक्रम का विवरण बताया और उन्हें ड्रॉप आउट छात्रों का पहचान करने और उनके माता-पिता के साथ एक बैठक की व्यवस्था करने के लिए कहा । कॉलेज द्वारा चलाए जा रहे सर्टिफिकेट कोर्स के लाभों के बारे में भी ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई जो कि पूरी तरह से फ्री है और जिसकीकम से कम 6 महीने की अवधि का है । सर्टिफिकेट कोर्स से जुडी अहम जानकारियां गांव के लोगों ने बहुत ध्यान से सुनी और सभी प्रेरित भी हुए ।